Raj Express (Indore), 11th June 2026, Page - 04

# यात्रा: प्रदेश के युवा झारखंड की संस्कृति और विकास से होंगे रूबरू

## युवा संगम : आईआईटी इंदौर से धनबाद के लिए हुए रवाना, 3200 आवेदन में से चुने 50 युवा

इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भारत सरकार की पहल युवा संगम चरण-6 के अंतर्गत आईआईटी इंदौर से बुधवार को मध्य प्रदेश का 50 सदस्यीय युवा प्रतिनिधिमंडल झारखंड के लिए रवाना हुआ। आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने झंडी दिखाकर दल को आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के लिए रवाना किया।

**23 पुरुष और 27 महिला प्रतिनिधि:** इस कार्यक्रम को प्रदेशभर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 3,200 से अधिक आवेदन आए, जिनमें से बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के बाद 23 पुरुष और 27 महिला प्रतिनिधि चुने गए। यह युवा इंदौर, सागर, बैतूल, अलीराजपुर, ग्वालियर समेत 40 से अधिक जिलों से हैं। दल के साथ आईआईटी इंदौर के सात अधिकारी भी यात्रा कर रहे हैं।

**12 से 20 जून तक भ्रमण:** प्रतिनिधिमंडल 12 से 20 जून तक झारखंड में रहेगा। इस दौरान युवा राज्य के सांस्कृतिक, शैक्षणिक, ऐतिहासिक और औद्योगिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। स्थानीय समुदायों और संस्थानों के साथ संवाद करेंगे। प्रतिनिधियों को झारखंड के राज्यपाल समेत अन्य व्यक्तियों से मिलने का अवसर भी मिल सकता है।

### करें गर्व से प्रतिनिधित्व

निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने युवाओं से झारखंड की संस्कृति, परंपराओं और नवाचार पारिस्थितिकी को समझने के साथ मध्य प्रदेश की समृद्ध विरासत का गर्वपूर्वक प्रतिनिधित्व करने को कहा। उन्होंने युवा प्रतिनिधियों को इस अनूठे अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। युवा संगम चरण-6 में मध्य प्रदेश और झारखंड को जोड़ा गया है। आईआईटी इंदौर झारखंड से आने वाले दल के लिए नोडल संस्थान है, जबकि आईआईटी (आईएसएम) धनबाद मध्य प्रदेश दल का मेजबान है।

**यह है उद्देश्य**

युवा संगम का उद्देश्य राज्यों के युवाओं के बीच संवाद और सहभागिता से राष्ट्रीय एकता मजबूत करना है।